शुभारंभ कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता , कार्यकर्ता सहित अन्य पदाधिकारी एवं ग्रामीण रहे मौजूद

तीनखेडा में भाजपा जिलाध्यक्ष मोहोड हस्तें हुआ डहाका सम्मेलन का शुभारंभ

नवभारत न्यूज़

सौंसर 16 जनवरी.औद्योगिक क्षेत्र की ग्राम पंचायत तीनखेडा में पारंपरिक लोक कला खडा तमाशा कार्यक्रम का शुभारंभ जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहोड हस्तें हुआ। अवसर पर बोलते हुये जिलाध्यक्ष श्री मोहोड ने कहा कि, खडा तमाशा जैसी लोककलायें हमारी सांस्कृतिक विरासत की अमूल्य धरोहर है।जिन्हें सहेजना और नई पीढी तक पहुचाना हम सभी का दायित्व है। ऐसे अयोजनों से न केवल ग्रामीण संस्कृति को संरक्षण मिलता है बल्कि समाजिक समरसता और आपसी भाईचारें को भी मजबूती मिलती है। कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता मोरेश्वर मर्सकोले, जिला महामंत्री देवेन्द्र गायकवाड, जनपद अध्यक्ष संजय भूते, मंडल अध्यक्ष प्रभाकर

बोबडे, सरपंच हरीष धुर्वे, पूजाराम कामडी, गुणवंता वंजारी, नेमा सावरकर, प्रभाकर भूते, रविन्द्र वंजारी, राजू भूते, दादाराव भूते, वामन भूते, उत्तम भूते, सुरेश धुर्वे, राजकुमार गौरखेडे, डोमा सोनेकर, गोपाल धुर्वे, खेमराज सोनेकर आदि उपस्थित थे। विधिवत फिता काटकर डहाका सम्मेलन का शुभारंभ किया गया। आयोजन को लेकर ग्रामीणों में विशेष उत्साह और सांस्कृतिक उल्लास देखने को मिला।

नगर में सात दिवसीय अखंड हरिनाम सप्ताह का हुआ शुभारंभ

सौंसर 16 जनवरी- विश्व शांति की कामना को समर्पित अखंड हरिनाम सप्ताह ने अपने 34 गौरवशाली वर्ष पूर्ण कर लिये। हर वर्ष की परंपरा को निभाते हुये इस वर्ष भी 15 जनवरी से 22 जनवरी तक सात दिवसीय अखंड हरिनाम सप्ताह का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ कलष पूजन के साथ वैदिक मंत्रोच्चार और भक्तिमय वातावरण में किया गया। प्रतिदिन दोपहर 1 बजें से पूज्य देवी आरती दीदी के मुखारविंद से श्रीमद भागत कथा का वाचन होता है। कथा के दौरान भक्ति, ज्ञान और वैराग्य से ओतप्रोत प्रसंग श्रोताओं को भावविभोर कर रहे है। रात्रीकालीन हरिकीर्तन में प्रथम दिवस पर श्रद्धाताई वानखेडे द्वारा हरिनाम संकीर्तन, अभंगों और भावपूर्ण प्रस्तुति दी गई। उन्होने कहा कि, हरिनाम ही वह साधना है जो व्यक्ति को आत्मिक शांति प्रदान कर समाज को सकारात्मक दिषा में आगे बढाती है। उनके भावपूर्ण उदबोधन और मधुर गायन ने उपस्थित श्रद्धालूओं को देर रात तक बांधेरखा।

आदिवासी अंचल के मेठेंपठार में हुआ क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

नवभारत न्यूज़

सौंसर 16 जनवरी.शुक्रवार को आदिवासी अंचल की ग्राम पंचायत खांडसिवनी के आश्रित ग्राम मेढेपठार में भव्य टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहोड हस्तें किया गया। खिलाडीयों से परिचय प्राप्त करने के उपरांत श्री मोहोड ने कहा कि, खेल केवल शारीरिक क्षमता का प्रदर्षन नही, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व का विद्यालय है।

गावो में ऐसे आयोजनों से छूपी प्रतिभाओं को पहचान मिलती है और युवा पीढी सकारात्मक मार्ग पर अग्रसर होती है। अवसर पर प्रमुख रूप से भाजपा नेता मोरेष्वर मर्सकोले,

रमेष परतेती, नामदेव भुसांडे, जनपद सदस्य विनायक मर्सकोले, जिला महामंत्री देवेन्द्र गायकवाड, सुनील बोबडे, सुनील खर्चे मंचासीन थें।

आयोजन कमेटी के विशाल कुसरे, सुमित बटके, सागर कुसरे, रोशन कोकाटे, मंगेश वाधाडे, कमलेश वाघाडे, कुतुब मनोटे, विकास कोरडेकर, विशाल राऊत, रविन्द्र भुसांडे, मनोज मालवी, गोविंद इवनाती, राजा मरकाम ने बताया कि, प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 21 हजार, द्वितीय 11 हजार के अलावा अन्य पुरस्कार भी रखे गये है।

तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ ने 11सूत्रीय मांगों का मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

नव भारत न्यूज

पांढुरना,16 जनवरी, तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के प्रांतीय संगठन के आव्हान पर तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ जिला पांढुरना द्वारा आज 11सूत्रीय मांगों का ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को सौंपा ।जिसने प्रमुख मांगे निम्न है। संगठन की प्रमुख मांगो में पुरानी पेंशन योजना चालू की जाय,ई अटेंडेंट पर तत्काल रोक लगाई जाय, कार्यरत एवं सेवानिवृत कर्मचारियों को केंद्र के समान महंगाई भत्ता एवं महंगाई राहत एरियर्स सहित शीघ्र प्रदान किया जाय,कर्मचारियों एवं पेंशनरों को कैशलैस स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ दिया जाए,नवनियुक्त कर्मचारी को नियुक्ति तिथि से 100प्रपूर्ण वेतन देकर उनका एरियर दिया जाएं,शिक्षा विभाग एवं अनुसूचित जाति विभाग के कर्मचारियों को तृतीय समयमान का लाभ दिया जाय,लिपिक संवर्ग को मंत्रालय के कर्मचारियों के समान वेतन दिया जाय,अनुकम्पा नियुक्ति एवं चतुर्थ श्रेणी पदों के लिए सी पी सी परीक्षा समाप्त किया जाए,दैनिक वेतन भोगी आउट सोर्स,एवं संविदा कर्मचारी को नियमित पदों पर नियुक्त किया जाए,सेवानिवृत कर्मचारियों के समस्त देयक सेवानिवृत तिथि पर दिया जाए, 11/1997 में नियुक्त गुरुजी संवर्ग को उनकी प्रथम नियुक्ति तिथि से गणना कर समस्त लाभ दिए जाएं।उपरोक्त मांगो का पत्र सौंपते समय चंद्रशेखर इंगले संरक्षक , सुरेन्द्र सिंह बिसेन कार्यकारी जिला अध्यक्ष,रामगोपाल भोयर जिला अध्यक्ष,शेष राव रेवतकर तहसील अध्यक्ष, प्रदीप कामोने तहसील अध्यक्ष सौसर, ओंकार साहू अध्यक्ष नंदनवाड़ी,प्रदीप ढोबले ब्लॉक शाखा अध्यक्ष, श्रीमती नंदिता धुर्वे जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, रीता मल्होत्रा , हरिभाऊ हांडे आदि मौजूद रहे।

ओलंपियाड परीक्षा का आयोजन

सौंसर 16 जनवरी. जनपद शिक्षा केंद्र सौसर में जिला स्तरीय ओलंपियाड परीक्षा केंद्र शासकीय कन्या उमावि सौसर पर आज ओलंपियाड परीक्षा का आयोजन परीक्षा केंद्र शासकीय कन्या उमावि सौसर में परीक्षा केंद्राध्यक्ष भास्कर गावंडे संकुल प्राचार्य द्वारा किया गया। बीआरसी श्रीमान चैनसा यादव द्वारा ओलंपियाड परीक्षा का निरीक्षण किया गया।ओलंपियाड़ परीक्षा का परीक्षा केंद्राध्यक्ष भास्कर गावंडे द्वारा परीक्षा का संचालन किया गया। बीआरसी चैनसा यादव द्वारा ओलंपियाड परीक्षा का अवलोकन किया गया। परीक्षा में सम्मिलित सभी छात्रों को नीचे बैठकर भोजन कराया गया। इस ओलंपियाड परीक्षा का मुख्य उद्देश्य छात्रों को विभिन्न विषयों में दक्षता और ज्ञान का विस्तार करना है। इस संबंध में, सभी शालाओं में शिक्षकों को इस परीक्षा के लिए अपने छात्रों को बेहतर तरीके से तैयार करें ।कुल मिलाकर, इस प्रयास से हमें यह उम्मीद है कि छात्रों का ज्ञान विस्तार होगा और उन्हें ओलंपियाड परीक्षा के माध्यम से अपने क्षेत्र में अधिक ज्ञान प्राप्त होगा।

RCB में चयनित मंगेश यादव का ग्रह आगमन पर ऐतिहासिक स्वागत

नवभारत न्यूज

सौसर 16 जनवरी, सौसर के बोरगांव निवासी युवा क्रिकेटर मंगेश यादव ने अपनी प्रतिभा के दम पर आईपीएल (IPL) में जगह बनाकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) द्वारा नीलामी में मोटी रकम देकर खरीदे जाने के बाद, पहली बार अपने गृह नगर लौटे मंगेश यादव का क्रिकेट प्रेमियों और स्थानीय नागरिकों ने अभूतपूर्व स्वागत किया।

सीमा से गांव तक लगा रहा तांता: नागपुर से सड़क मार्ग द्वारा आगमन पर मंगेश यादव का जोशपूर्ण स्वागत शुरू हुआ। प्रदेश की सीमा पर प्रशंसकों की भारी भीड़ ने पुष्पमालाओं और नारों के साथ उनका अभिनंदन किया। जैसे ही मंगेश अपने गृह ग्राम बोरगांव पहुंचे, पूरा गांव %मंगेश यादव जिंदाबाद% के नारों से गूंज उठा।

आतिशबाजी और ढोल-नगाड़ों के साथ उन्हें जुलूस के रूप में घर तक ले जाया गया।

मेहनत में कोई कसर नहीं-मंगेश

नवभारत से विशेष चर्चा करते हुए मंगेश यादव ने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिवार और कोच के मार्गदर्शन को दिया। उन्होंने कहा, ऋष्टक्रजैसी बड़ी टीम का हिस्सा बनना मेरे लिए गौरव की बात है। आईपीएल मुकाबलों में मैं अपने प्रशंसकों और टीम प्रबंधन के विश्वास पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगा। इसके लिए मैं दिन-रात मैदान पर पसीना बहा रहा हूं।

क्षेत्र में खुशी की लहर

गौरतलब है कि मंगेश को आरसीबी द्वारा ऑक्शन में भारी बोली लगाकर टीम में शामिल किया गया है। उनकी इस उपलब्धि से न केवल बोरगांव बल्कि पूरे सौसर क्षेत्र के युवाओं में खेल के प्रति एक नया उत्साह देखा जा रहा है। स्वागत समारोह में युवा सरपंच पंकज दातारकर सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, खेल संघों के प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में युवा क्रिकेट प्रेमी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि मंगेश यादव ऑलराउंडर प्लेयर है।

21जनवरी को पांढुरना में जिला स्तरीय रोजगार मेला का होगा आयोजन

नव भारत न्यूज

पांढुरना, 16 जनवरी, जिला रोजगार कार्यालय के तत्वावधान में पांढुर्णा जिले में जिला स्तरीय युवा संगम (रोजगार मेला) 2026 का आयोजन किया जा रहा है। यह रोजगार मेला कलेक्टर श्री नीरज कुमार वशिष्ठ के निर्देशन में दिनांक 21 जनवरी 2026 (बुधवार) को आयोजित होगा, जिसका उद्देश्य जिले के युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है।रोजगार मेले में विभिन्न प्रतिष्ठित निजी कंपनियों द्वारा भाग लिया जाएगा, जिनमें सुरुची फूड प्रोडक्ट प्रा. लि., आईसर ट्रैक्टर एंड बसेस लिमिटेड, एसआरफ लिमिटेड, सतीजा मोटर्स प्रा. लि. पांढुर्णा तथा भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी), पांढुर्णा शामिल हैं। इन कंपनियों द्वारा ऑपरेटर, टेक्नीशियन, मार्केटिंग, अप्रेंटिस एवं ऑफिस सहायक (महिला) जैसे विभिन्न पदों के लिए अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। इन पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता 8वीं, 10वीं, 12वीं, आईटीआई, डिप्लोमा एवं स्नातक निर्धारित की गई है। अभ्यर्थियों की आयु सीमा 18 से 30 वर्ष तक होगी, जबकि मानदेय 5000 रुपये से 15000 रुपये प्रतिमाह निर्धारित किया गया है।इच्छुक अभ्यर्थी 21 जनवरी 2026 (बुधवार) को प्रात: 11.00 बजे से दोपहर 4.00 बजे तक अपने समस्त मूल दस्तावेज, बायोडाटा एवं रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन लेकर उपस्थित हो सकते हैं। रोजगार मेले का आयोजन शासकीय आई.टी.आई. पांढुर्णा, अमरावती रोड, जिला पांढुर्णा (म.प्र.) में किया जाएगा।जिला रोजगार कार्यालय पांढुर्णा द्वारा जिले के युवाओं से अपील की गई है कि वे इस अवसर का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और तथा अपने भविष्य को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाएं।

जिले की 73,560 लाड़ली बहनों के बैंक खातों में जमा हुए 11 करोड़ 3 लाख 40 हजार रुपये की राशि

नव भारत न्यूज

पांढुरना,16 जनवरी, प्रदेश के नर्मदापुरम जिले के माखननगर में आज शुक्रवार को आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा सिंगल क्लिक के माध्यम से लाड़ली बहना योजना की 32वीं किस्त (जनवरी 2026) की राशि हितग्राही महिलाओं के बैंक खातों में अंतरित की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी लाड़ली बहनों को मकर संक्रांति की हार्दिक शुभकामनाएं भी दीं।

इस योजना के अंतर्गत प्रदेश की लाड़ली बहनों को प्रतिमाह 1500 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। इसी क्रम में पांढुर्णा जिले की कुल 73,560 लाड़ली बहना हितग्राहियों को 11 करोड़ 3 लाख 40 हजार रुपये की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से उनके खातों में अंतरित की गई।

इंदिरा मंगल भवन में हुआ सीधा प्रसारणराज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण पांढुर्णा नगर पालिका के इंदिरा मंगल भवन में लाभान्वित हितग्राहियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में देखा एवं सुना गया। इस अवसर पर कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ, नगर पालिका अध्यक्ष संदीप घटोड, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती मोनिका बिसेन सहित अन्य अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में लाड़ली बहनें उपस्थित रहीं। इसके अतिरिक्त जिले के सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में भी वेबकास्ट के माध्यम से कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया, जिससे अधिक से अधिक हितग्राही महिलाओं ने कार्यक्रम में सहभागिता की। लाड़ली बहना योजना महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में राज्य शासन की एक महत्वपूर्ण पहल है,

अखिल भारतीय बाघ आंकलन को लेकर प्रशिक्षण हुआ सम्पन्न

नवभारत न्यूज

सौंसर 16 जनवरी, अखिल भारतीय बाघ आंकलन-2026 के अंतर्गत वनमंडल अधिकारी सचिन एच नडगडी के मार्गदर्शन में एक दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण को सम्बोधित करते हुये श्री नडगडी ने कहा कि, बाघ संरक्षण केवल वन विभाग की जिम्मेदारी नही, बल्कि यह हमारे पारिस्थितिकी और वन्य जीव सुरक्षा का समूहिक दायित्व है। तकनीकी दक्षता और वैज्ञानिक आंकलन के माध्यम से हम अपने वन्य जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित कर सकते है। प्रत्येक स्टॉफ सदस्य की भूमिका महत्वपूर्ण है। उपवनमंडल अधिकारी प्रमोद चोपडे ने कहा कि, बाघो का सही आंकलन हमारे लिये न केवल संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण है बल्कि इससे क्षेत्र के वन्य जीवन और मानव सह अस्तित्व की योजनाओं को भी सुदृढ किया जा सकता है। प्रशिक्षण कार्यशालाओं के माध्यम से स्टॉफ को नवीनतम तकनीकी उपकरणों में दक्ष बनाना हमारी प्राथमिकतायें है। मास्टर ट्रेनर्स पवन भकने, बापूराव पाठे ने एप के माध्यम से बाघ आंकलन कार्य को प्रभावी एवं दक्षता के साथ संपादित करने का प्रशिक्षण दिया। अवसर पर समन्वयक अजिंक्य भाटकर, सौसर वन परिक्षेत्र अधिकारी शिवशंकर चतुर्वेदी, प्रशिक्षू वन परिक्षेत्र अधिकारी अनिता सूर्यवंषी एवं स्टॉफ उपस्थित था।

सौसर में करियर मेला का आयोजन

नवभारत न्यूज़

सौंसर 16 जनवरी. शासकीय सांदीपनि विद्यालय, सौसर में करियर मेला का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि व्ही के देवांगन ब्रांच मैनेजर स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया , महेंद्र गुरुवे करियर काउंसलर एवं प्रदीप कलसकर, भूतपूर्व सेनानी, भारत शासन ने अपनी उपस्थिति प्रदान की। कार्यक्रम की शुरुआत शाला प्राचार्य श्रीमती शैलजा बत्रा द्वारा दीप प्रज्वलन कर की गई। इसके पश्चात श्री गुरुवे द्वारा छात्रों का कैरियर मार्गदर्शन किया गया जिसमें उन्होंने छात्रों को लक्ष्य

निर्धारित कर विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ने हेतु प्रोत्साहित किया गया। तत्पश्चात व्ही .के. देवांगन, ब्रांच मैनेजर एसबीआई ,सौसर द्वारा छात्रों को बैंक में चयन से संबंधित विभिन्न जानकारियां प्रदान की गई। साथ ही बैंकों में विभिन्न छात्र उपयोगी सुविधाओं की जानकारियां भी दी गई। इसके पश्चात श्री प्रदीप द्वारा भारतीय सेना में चयन हेतु विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के संबंध में छात्रों को विस्तार से जानकारी दी गई। शाला प्राचार्य श्रीमती बत्रा द्वारा अपने उद्बोधन में छात्रों को असफलताओं से निराश न होकर जीवन में आगे बढ़ने हेतु प्रोत्साहित किया गया। करियर मेले के इस अवसर पर शाला उप प्राचार्य संजय गवनेकर एवं शाला का समस्त स्टाफ उपस्थित था। मंच संचालन गणेश अढाऊ द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन हितेश गनोरकर द्वारा किया गया।

ग्राम पंचायत के द्वारा दी 5000 रु की आर्थिक सहायता

बडचिचोली : ग्राम के इंदिरा नगर पर दिन गुरुवार के सुबह चूल्हे के चिंगारी से आग लगने से दो मकान में आग से डेढ़ लाख रुपए का नुकसान हुआ था धरमलाल उइके तथा सुनील मरकाँम को ग्राम पंचायत बड चिचोली के सरपंच भारती शेडे के द्वारा 5000 रुपये कि आर्थिक सहायता तथा अनाज कपडे तथा अस्थाई तौर पर रहने की व्यवस्था की गई इसमे उपस्थित सचिव पवन गोरे सचिव शेख युसुफ ग्रामीण नंदू ठाकरे सूर्यभान सवाई तथा जिसमें पटवारी अविनाश अम्बुलकर आदि उपस्थित थे ।इन अग्नि पीडितों को शासन की और से भी सहायता राशि दिलाने पंचनामा कार्यवाही कर शासन को प्रकरण भेजा जा रहा हैं ।

ग्राम राजडोंगरी में वॉटर शेड महोत्सव संपन्न

नवभारत न्यूज,

पांढुरना,16 जनवरी, ग्राम राजडोंगरी में आज शुक्रवार को वॉटर शेड महोत्सव का क्षेत्रीय विधायक नीलेश उइके के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस दौरान इन्होंने विभिन्न कार्यों का भूमिपूजन किया गया।

पांढुरना विधान सभा क्षेत्र के आदिवासी बाहुल्य ग्राम राजडोंगरी में शुक्रवार को क्षेत्रीय विधायक नीलेश उइके के मुख्य आतिथि में वॉटर शेड महोत्सव का आयोजन किया गया,इस अवसर अधिकारियों द्वारा इस योजना के तहत सरकार द्वारा दिए जाने वाली विभिन्न योजनाओं के संदर्भ में विस्तार से जानकारी दी गई,कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्षा श्रीमती लता तुमडाम,डीपीओ वॉटर शेड डा.नीलू चौबीतकर,क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में संचालित समिति के अध्यक्ष,सदस्यगण प्रमुख रूप से उपस्थित थे । इस अवसर पर विभिन्न कार्यों का विधायक नीलेश उइके के हस्ते भूमिपुजन किया गया ।इस दौरान विधायक नीलेश उईके द्वारा उपस्थित जनों को संबोधित कर वांटर शेड महोत्सव के तहत ग्रामों में किए जा रहे विभिन्न निर्माण कार्यों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में आमंत्रित अतिथियों के हस्ते विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण भी किया गया।

लघु वेतन कर्मचारी संघ ने 15 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज,

पांढुरना,16 जनवरी,अपनी लंबित 15 जायजा मांगों को लेकर मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ द्वारा आंदोलन के पांचवे चरण के तहत आज शुक्रवार को संविधान निर्माता डां.बाबा साहेब आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौपा ।

मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ अपनी 15 सूत्रीय लंबिम मांगों के निराकरण को लेकर लंबे समय से शांतिपूर्वक संर्घषरत है, लेकिन इसके बावजूद प्रदेश सरकार द्वारा इनकी मांगों का निराकरण नहीं किए जाने से आहत कर्मचारी संघठन द्वारा प्रांतीय संगठन के आव्हान पर प्रदेश के अन्य जिलों की तरह ही पांढुरना नगर जिला मुख्यालय में मध्य प्रदेश कर्मचारी संगठन के जिला ईकाई द्वारा अपने आंदोलन के पांचवे चरण के तहत आज शुक्रवार को नगर के हद्य स्थल तीन शेर चौक के पास स्थित संविधान निर्माता डां.बाबा साहेब आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौपा गया ।

इस अवसर पर धर्मेन्द्र वाघमारे,राजु खंडाई, रामकिशन उइके,अनेश भारती, अश्विन काकड़े, अनंता तायवाड़े,शंकर तायवाड़े, संजय कडु, सुरेश कचाहे, राधेसिंग परतेती, भाकचंद वाहने,रेखा महाजन ,सुनिता कुशराम, इंदु परतेती, ललीता भांगे, कविता डहारे,नर्बदा मर्सेकोल्हे,आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे ।

विज्ञान महाविद्यालय में भूतपूर्व विद्यार्थियों का सम्मान कर दी गई विदाई

नव भारत न्यूज पांढुरना,16 जनवरी, नगर के शासकीय विज्ञान महाविद्यालय के भौतिक शास्त्र विभाग द्वारा सत्र 2023-25 की विश्वविधालय परीक्षा में विभाग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान किया गया । सत्र 2023-2025 की परीक्षा में निकेश जसुतकर को प्रथम, साक्षी वानखाड़े को द्वितीय, टीना उघाड़े को तृतीय स्थान प्राप्त करने के लिए सम्मानित किया गया। साथ ही वर्तमान में अध्यनरत पी. जी. विद्यार्थियों द्वारा अपने इन सीनियर साथियों को भावभिनी विदाई दी गई। इस दौरान विभाग द्वारा संचालित स्टूडेंट चैप्टर फिजिक्स सोसायटी का नाम परिवर्तन कर क्वांटम रखा गया तथा सत्र 2025-26 की कार्यकारिणी का गठन किया गया एवं इसके अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम करने की रुपरेखा तैयार की गई। इस अवसर पर आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. ललिता धुर्वे व भौतिक शास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. डी. एस. बिसेन ने उपस्थित सभी विद्यार्थियों का अपने संबोधन द्वारा मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन कु . आयुषी तीव्हन ने किया तथा जिनिशा साठोने, अल्फिया नाज़, सादिया मन्सूरी, अल्फिया अहमद एवं राकेश चटप का सहयोग रहा। कार्यक्रम में भौतिक शास्त्र विभाग के प्राध्यापक डॉ. विवेक कुमार सोनवाने, डॉ. अनिल कुमार पिम्पलकर, डॉ. ए. मन्सूरी एवं विधार्थी उपस्थित रहे।

निधन

पांढुरना,16 जनवरी, नगर के शासकीय विज्ञान महाविद्यालय में कार्यरत प्रोफेसर (Prof.) रामपाल कुमरे के पिताजी का 15 जनवरी को असामयिक निधन हो गया था। उनका अंतिम संस्कार आज शुक्रवार 16जनवरी को उनके गृह ग्राम मेघा सिवनी, जिला छिंदवाड़ा (मध्यप्रदेश) में संपन्न हुआ। इस दु:खद अवसर पर महाविद्यालय परिवार एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की तथा शोकाकुल परिवार को इस अपार दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से कामना की।